बी.ए. संस्कृत में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(BASKH)

सत्रीय कार्य

(जुलाई, 2025 एवं जनवरी, 2026 सत्र के लिए)

BSKG-178 प्राचीन भारतीय राजनीति

मानविकी विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

BSKG-178
सत्रीय कार्य (2024–25)

पाठ्यक्रम कोड : BSKG-178/2025-26

प्रिय छात्रों/छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़ियेः

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया हैः

अनुक्रमांकः.....
नामः.....
पताः.....
दिनांकः.....

पाठ्यक्रम का नाम/कोडः.....
सत्रीय कार्य कोडः.....
अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड.....

सत्रीय कार्य जमा करने की अन्तिम तिथि :

- **जुलाई 2025 में प्रवेश लिए छात्रों के लिए – 31 मार्च, 2026**
- **जनवरी 2026 में प्रवेश लिए छात्रों के लिए : 30 सितंबर, 2026**

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश :

1. अध्ययनः सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाईयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ विशेष बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से व्यवसिथत कीजिए।

2. अभ्यासः उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से विचार कीजिए।

3. क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
   ख) आपका उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,
   ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

4. प्रस्तुतिः जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएं, तो उसे साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोटः याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य
BSKG-178 (प्राचीन भारतीय राजनीति)
2025-2026

सत्रीय कार्य – BSKG-178/TMA/2025-2026
पूर्णांक – 100

नोट – इस सत्रीय कार्य में दिए गए सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखें। 4×15 = 60

1. भारतीय राजनीतिक चिंतन का आशय स्पष्ट करते हुए राजनीतिशास्त्र के विभिन्न नामों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
2. वैदिक, राजनैतिक चिंतकों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
3. भारतीय राजतंत्र का स्वरूप स्पष्ट करते हुए शास्त्र में वर्णित राजधर्म पर प्रकाश डालें।
4. मंत्रिपरिषद का परिचय देते हुए मंत्रिपरिषद के कर्तव्य और उनकी संख्या का वर्णन करें।
5. ग्रामीण व्यवस्था का विस्तृत रूप से वर्णन करें।
6. धर्म के प्रमुख स्रोतों पर प्रकाश डालें।

3. **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए।** 4×10 = 40

7. सामाजिक न्यायालय प्रकाश डालें।
8. न्यायाधिशों के गुण–दोष पर प्रकाश डालें।
9. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के सिद्धांत मंडल पर प्रकाश डालें।
10. कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार षडगुण सिद्धांत की व्याख्या करें।
11. कर व्यवस्था का विस्तार रूप से वर्णन करें।
12. राजनीति विचारों की धर्म, अर्थ एवं नीति से संबंध की विवेचना करें।